अगर गंभीर को रेड-बॉल क्रिकेट में बेहतर कोच बनना है, तो उन्हें रणजी टीम का कोच बनकर अनुभव हासिल करना चाहिए।
- मोंटी पनेसर

पूर्व इंग्लैंड खिलाड़ी, गौतम गंभीर के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

नरेन्द्र मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपिशनशिप 2025 में कांस्य पदक जीतने वाली कोनेरू हम्पी और अर्जुन एरिगैसी की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''कोनेरू हम्पी को बधाई, जिन्होंने दोहा में फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के सेक्शन में कांस्य पदक जीता। खेल के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है। आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

क्या आप जानते हैं ?... ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन के ने टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक 12 दोहरा शतक जड़ने वाले इकलौते बल्लेबाज है, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में यह कीर्तिमान बनाया हैं।

जुरेल का नाबाद शतक, उप्र. ने बड़ौदा को 54 रनों से हराया

राजकोट, 29 दिसंबर। ध्रुव जुरेल (नाबाद 160) रनों की शतकीय और कप्तान रिंकू सिंह (63) की अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के

बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर उत्तर प्रदेश ने सोमवार को विजय हजारे ट्राफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में बड़ौदा को 54 रनों से हराया। आज यहां टॉस जीतकर बड़ौदा ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी उत्तर प्रदेश के लिए अभिषेक गोस्वामी और आर्यन जुयाल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़े। 15वें ओवर में राज लिंबानी ने आर्यन जुयाल (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ध्रुव जुरेल ने अभिषेक गोस्वामी के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान 17वें ओवर में लिंबानी ने अभिषेक 51 गेंदों में (51) को अपना शिकार बना लिया। प्रियम गर्ग (तीन) भी लिंबानी का शिकार बने। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रिंकू सिंह ने ध्रुव जुरेल के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 144 रनों की साझेदारी हुई। 39वें ओवर में रसिख सलाम ने रिंकू सिंह को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। रिंकू सिंह ने 67 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 63 रनों की पारी खेली।

कोलकाता में राजस्थान की बेटियों का जलवा, जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी में कांस्य पदक पर किया कब्जा

कोलकाता/राजस्थान, 29 दिसंबर। बंगाल की राजधानी कोलकाता (कलकत्ता) में 25 से 28 दिसंबर तक आयोजित 51वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप 2025 में राजस्थान की जूनियर बालिका कबड्डी टीम ने शानदार और यादगार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। कठिन मुकाबलों, मजबूत प्रतिद्वंद्वियों और जबरदस्त प्रतिस्पर्धा के बीच राजस्थान की बालिकाओं ने सेमीफाइनल तक का सफर तय कर यह साबित कर दिया कि प्रदेश की बेटियां राष्ट्रीय कबड्डी मंच पर शीर्ष स्तर की प्रतिभा रखती हैं।

राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत ने बताया प्रतियोगिता में राजस्थान टीम ने अपने अभियान की शुरुआत बेहद आक्रामक अंदाज में की। पहले मुकाबले में राजस्थान की बालिकाओं ने उड़ीसा की टीम को पूरी तरह एकतरफा मुकाबले में 73-17 56 के विशाल अंतर से पराजित कर प्रतियोगिता का शानदार आगाज किया। इस मुकाबले में राजस्थान की तेज रेडिंग और सशक्त डिफेंस ने विरोधी टीम को कोई मौका नहीं दिया।

इसके बाद दूसरे लीग मैच में राजस्थान का सामना हिमाचल प्रदेश की मजबूत और अनुभवी टीम से हुआ। कड़े संघर्ष के इस मुकाबले में राजस्थान की खिलाड़ियों ने बेहतरीन रणनीति, संयम और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए हिमाचल को 40-32 8 से पराजित किया। अपने पूल का अंतिम मुकाबला राजस्थान ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेला, जिसमें टीम ने शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखते हुए 44-17 27 से शानदार जीत दर्ज की। लगातार तीन जीत के साथ राजस्थान की टीम ने अपने पूल में प्रथम स्थान हासिल कर नॉकआउट चरण में मजबूत दावेदारी पेश की।

आईसीसी ने मेलबर्न क्रिकेट मैदान की टेस्ट पिच को 'असंतोषजनक' रेटिंग दी

दुबई 29 दिसंबर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मैच रेफरी जेफ क्रो ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की बॉक्सिंग डे टेस्ट की पिच को 'अंसतोषजनक' रेटिंग दी है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट दो दिन के अंदर ही समाप्त हो गया था और इस कारण से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड को एक डिमेरिट अंक मिला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चीफ जेम्स ऑलसोप्प ने अपने बयान में कहा, बहुत प्रशंसकों के पास तीसरे और चौथे दिन के टिकट थे और उसके अलावा लाखों प्रशंसक इस मैच के लिए उत्साहित थे लेकिन पिच के कारण यह दो दिन में ही समाप्त हो गया और यह निराशाजनक है। पिछले कुछ सालों में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के स्टाफ ने बेहद शानदार टेस्ट पिच तैयार करके दी थी और हमें उम्मीद है कि अगले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट और मार्च 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टेस्ट में बढ़िया पिच देखने को मिलेगी।

वनडे सीरीज में पांड्या और बुमराह को दिया जा सकता है आराम

नई दिल्ली 29 दिसंबर। आगामी टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों के लिए आराम दिया जा सकता है। टी-20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच नागपुर (21 जनवरी), रायपुर (23 जनवरी), गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (31 जनवरी) में होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में वापसी करेंगे। इनसे पहले होने वाले तीन एकदिवसीय मैच 11 जनवरी (बड़ौदा), 14 जनवरी (राजकोट) और 18 जनवरी (इंदौर) को होंगे। इनमें बुमराह और पांड्या को शामिल किए जाने की संभावना कम है। एकदिवसीय टीम की घोषणा 4-5 जनवरी के आसपास होने की उम्मीद है।

ऐसा समझा जा रहा है कि टीम प्रबंधन ने फैसला किया है कि टी-20 विश्व कप के लिए अहम इन दो खिलाड़ियों को एकदिवसीय टीम से बाहर रखा जाएगा। हार्दिक पांड्या, जो सिर्फ सफेद गेंद क्रिकेट खेलते हैं, फिटनेस की दिक्कतों के कारण मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद से कोई वनडे नहीं खेले हैं। जसप्रीत बुमराह, जिनके वर्कलोड पर टीम में उनकी अहमियत को देखते हुए करीब से नजर रखी जा रही है, 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से वह किसी वनडे में नहीं खेले हैं। हालांकि, उम्मीद है कि पंड्या चल रहे विजय हजारे गेम्स में बड़ौदा के लिए खेलेंगे।

ओ.एन. दीक्षित मेमोरियल जिला बैडमिंटन आज से

जयपुर, 29 दिसम्बर। ओ एन दीक्षित मेमोरियल विंटर जयपुर जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता सोमवार 30 दिसंबर से शुरू प्रतियोगिता सचिव

अतुल गुप्ता के अनुसार कल सुबह 10 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा जिसमें मुख्य अतिथि मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ प्रधान आपकर निर्देशक अन्वेषण अवधेश कुमार, रिटायर्ड चीफ जस्टिस एन के जैन यश समिति के अध्यक्ष आशीष सराफ तथा दीक्षित परिवार के ओ एन दीक्षित व पंकज दीक्षित रहेंगे। जिला सचिव मनोज दासोत ने बताया कल सुबह अंडर 13 व अंदर 11 के बालिका बालक वर्ग के एकल मैच खेले जाएंगे तथा दोपहर बाद 15 व 17 आयु वर्ष के बालकों के एकल मैच होंगे। अध्यक्ष अनिल मेहता अनुसार मुख्य रफ्री के के माधुर मैच कंट्रोलर राजस्थान बैडमिंटन संघ के पकज सैनी होगे। प्रती दिन मैच सुबह 10 बजे से खेले जायेंगे।

श्रीलंका को क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

नई दिल्ली 29 दिसंबर। श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को होने वाले आखिरी और पांचवें टी-20 मुकाबले में भारतीय महिला टीम क्लीन स्वीप करन साल का सफल समापन करने उतरेगी। वहीं श्रीलंका के पास इस मैच में जीत दर्ज आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर होगा। भारत इस पूरी सीरीज में क्लिनिकल रहा है। उन्हें किस्मत का भी साथ मिला, क्योंकि उन्होंने पहले तीन टॉस जीते। भारत ने तीनों मैचों में श्रीलंका को 130 से कम के स्कोर पर रोकते हुए और कम से कम पांच ओवर और सात विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल करते हुए अपना दबदबा बनाया। श्रीलंका कल होने वाले इस मुकाबले में जीत दर्ज करने के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की चुनौती को पार करना होगा। इस भारतीय जोड़ी ने किसी भी विकेट के लिए भारत की सबसे बड़ी साझेदारी की और मेजबानों का सर्वोच्च टी-20 स्कोर खड़ा किया। भारत को इस सीरीज में अब तक केवल पांच बल्लेबाजो का ही इस्तेमाल करना पड़ा है। चाहे वे लक्ष्य तय करें या उसका पीछा करें, श्रीलंका रविवार को हसिनी परेरा की शुरुआत से प्रेरणा लेगा, जिसमें उन्होंने शुरुआती ओवरों में रेणुका सिंह और अरुंधति रेड्डी पर आक्रामक प्रहार किया। इससे पहले कि नीलाक्षी डी सिल्वा ने लोअर ऑर्डर में आख़िरकार कुछ रन जोड़े। श्रीलंका चाहेगा कि भारतीय क्षेत्ररक्षकों से मिलने वाले किसी भी जीवनदान का फायदा उठाया जाए, क्योंकि इस सीरीज में भारतीय क्षेत्ररक्षक मामले में कमजोर दिखे है। पहले मैच में उन्होंने पांच कैच छोड़े और चौथे मैच में दो जो दोनों टीमों के बीच के फासले को कम करने में मेहमानों की मदद कर सकता है। श्रीलंका बल्लेबाजी में ओपनिंग में कप्तान चामरी अटापट्टू और हिसनी पेररा से बड़ी साझेदारी की उम्मीद करेगा।

ऑस्ट्रेलिया की ट्वंटी-20 विश्वकप के लिए प्रोविजनल टीम में कमिंस, हेजलवुड को शामिल

सिडनी, 29 दिसंबर। मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने पुष्टि की है कि ऑस्ट्रेलिया ने चोट की चिंताओं के बावजूद आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए अपनी प्रोविजनल टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस और जॉश हेजलवुड को शामिल करने जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, कमिंस, जो एशेज के तीसरे टेस्ट के लिए एडिलेड में लौटे थे, लेकिन सावधानी के तौर पर बाकी सीरीज से बाहर हो गए थे, लगभग चार हफ़्ते में अपनी पीठ का एक और स्कैन करवाएंगे। सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए उनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला उस असेसमेंट के नतीजों के बाद लिया जाएगा।

मैकडॉनल्ड ने कहा, " मुझे लगता है पैट का चार हफ्ते में एक स्कैन होगा, तो उससे हमें जानकारी मिल जाएगी कि वह टी-20 विश्व कप के लिए किस स्थिति में हैं। उन्हें 15 खिलाड़ियों की टीम में शामिल किया जाएगा।" इस बीच, हेजलवुड हैमस्ट्रिंग और अकिलीज की समस्याओं के कारण पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे। 34 साल के तेज गेंदबाज को चोटों ने परेशान किया है। हालांकि वह धीरे-धीरे ठीक हो रहा है और उम्मीद है कि वह जल्द ही गेंदबाजी करना शुरू कर देगा, जिससे वैश्विक टूर्नामेंट के लिए उसकी उपलब्धता की उम्मीदें बढ़ेगी।

मैकडॉनल्ड ने कहा, "जॉश गेंदबाजी करने के लिए वापस आ रहा है। ऐसा लगता है कि वह संभावित समय के हिसाब से ठीक हो जाएगा।" ऑस्ट्रेलिया बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेंस के लिए खेलते समय दाहिनी हैमस्ट्रिंग की चोट से प्रभावित मध्यमक्रम के आक्रामक बल्लेबाज टिम डेविड की फिटनेस पर भी नजर रख हुए है। 29 साल के इस खिलाड़ी को इस साल पहले भी इसी तरह की समस्या के कारण दो महीने के लिए बाहर रहना पड़ा था और स्कैन से ग्रेड-टू स्ट्रेन की पुष्टि हुई है, जिसके कारण वह बीबीएल के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। मैकडॉनल्ड ने कहा, "पक्का नहीं पता कि यह सिर्फ मांसपेशियों की समस्या है या टेंडन (नसों) की। मुझे लगता है कि निश्चित समय में टिम डेविड अच्छा हो जायेगा।

अबूरोड की दृष्टि तिवारी ने रचा इतिहास

जयपुर, 29 दिसंबर। खिलाड़ी दृष्टि तिवारी ने राजस्थान कराटे प्रीमियर लीग एवं राजस्थान यूथ लीग में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में सब-जूनियर कैटेगरी में दृष्टि ने काटा स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट तकनीक और आत्मविश्वास का परिचय दिया। वहीं कुमीते स्पर्धा में उन्होंने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच रजत पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, कोच और कराटे संघ में खुशी की लहर है। खेल प्रेमियों ने दृष्टि की मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

जी.आर. क्रिकेट अकादमी और कृष्णा अकादमी ने इंस्पायर अकादमी को हराया

जयपुर, 28 दिसम्बर। सोलफील स्टेडियम में आयोजित आशा देवी डागा टूर्नामेंट में जी.आर. क्रिकेट अकादमी और कृष्णा अकादमी ने इंस्पायर

अकादमी को हराया। इंस्पायर अकादमी ने राजत सिंह के 27 रनों की मदद से 9 विकेट पर 134 रन बनाए। हेमंत स्वामी और हिमांशु सिंह राणा ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में जी.आर. अकादमी ने शुभम पाटवाल के 70 रनों की बदौलत लक्ष्य हासिल कर लिया। शुभम पाटवाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में इंस्पायर अकादमी ने राजत सिंह के 52 रनों की मदद से 9 विकेट पर 156 रन बनाए। ऋषभ मोदी, भंवर और विनय ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में कृष्णा अकादमी ने आखिरी गेंद पर जीत हासिल की, जब अंतिम गेंद पर 6 रन चाहिए थे और ऋषभ मोदी ने छक्का लगाया। विनय प्रताप सिंह ने 18 रन बनाए और 2 विकेट लिए तथा उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। राजत सिंह ने 3 विकेट लिए।

विद्युत निगम विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

जयपुर, 29 दिसंबर। विद्युत निगम विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता 2026 का आज शाम 5 बजे से कैरम मैचों के साथ अलका मीना, सचिव

(प्रशासन) व अमिताभ गुप्ता, मुख्य कार्मिक अधिकारी, राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम ने शुभारंभ किया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में विभिन्न व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं के खेलो में जयपुर स्थित सभी विद्युत निगमों के महिला और पुरुष कर्मचारी अति उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। खेलकूद प्रतियोगिताएं 25 जनवरी 2026 तक चलेगी और 26 जनवरी को विद्युत भवन में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा पारितोषिक वितरण किया जाएगा।

भोपाल में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में स्तुति का शानदार प्रदर्शन

जयपुर, 29 दिसंबर। भोपाल में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्तुति पारीक ने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उन्होंने 592.8 अंक प्राप्त कर नेशनल प्लेयर का दर्जा हासिल किया। स्तुति पारीक ट्योलर हाई स्कूल की छात्रा हैं एवं उन्हें कोच अम्बरीष सर का कुशल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उनकी इस उपलब्धि में कोच के प्रशिक्षण, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का विशेष योगदान रहा।

स्मृति मंधाना ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे किये

तिरुवनंतपुरम 29 दिसंबर। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय तथा दुनिया की चौथी बल्लेबाज बन गईं हैं। उन्होंने यह उपलब्धि श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी-20 में हासिल की। मंधाना से पहले मिताली राज यह मुकाम हासिल कर चुकी हैं। मिताली राज 10868 रनों के साथ वह सबसे ज़्यादा रन बनाने वालों की सूची में सबसे आगे हैं।

सूजी बेट्स 10652 रन के साथ दूसरे और शार्लेट एडवर्ड्स 10273 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मांधना इस मुकाम तक पहुंचने वाली सबसे तेज बल्लेबाज़ हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारुपों की 281वीं पारी में 10 हजार रन पूरे किए। राज ने यह उपलब्धि 291 पारियों में हासिल की थी, जबकि एडवर्ड्स और बेट्स को ऐसा करने में क्रमश: 308 और 314 पारियां लगी थीं। श्रीलंका के खिलाफ चौथे अंतरराष्ट्रीय टी-20 से पहले मंधाना इस आंकड़े से मात्र 27 रन दूर थीं और उन्होंने यह उपलब्धि बाएं हाथ की स्पिनर निमाशा मीपाजे की गेंद को

लॉन्ग ऑन की दिशा में एक रन के लिए ड्राइव कर हासिल किया। मंधाना के लिए 2025 अब तक एक शानदार साल रहा है। भारत की विजयी महिला विश्व कप अभियान के दौरान मंधाना एक कैलेंडर वर्ष में एक हजार एकदिवसीय रन बनाने वाली पहली महिला बल्लेबाज बनी थीं। उन्होंने साल का अंत एकदिवसीय प्रारुप में सबसे अधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज के रूप में किया, जहां उन्होंने 1362 रन बनाए। वहीं दूसरे स्थान पर रहीं लॉरा वुलफार्ट ने 1174 रन बनाए थे। मंधाना ने इस साल पांच शतक भी लगाए, जिसकी बराबरी दक्षिण अफ्रीका की तेजमिन ब्रिट्स और लॉरा वुलफार्ट ने की।

भारतीय पुरुष क्रिकेट के लिए मिला-जुला रहा वर्ष 2025

नई दिल्ली 29 दिसंबर। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की जीत, एशिया कप में खिताबी सफलता और इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन के अलावा भारतीय पुरुष क्रिकेट के लिए वर्ष 2025 का सफर काफी मिला-जुला रहा है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने जनवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद सीरीज से साल की धमाकेदार शुरुआत की। भारत ने पांच मैचों की अंतरराष्ट्रीय टी-20 सीरीज 4-1 से अपने नाम की, जबकि एकदिवसीय सीरीज में इंग्लैंड को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत बनाम इंग्लैंड टी-20 सीरीज का सबसे बड़ा आकर्षण पल अभिषेक शर्मा का विस्फोटक शतक रहा। उन्होंने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए आखिरी मैच में 135 रनों की पारी खेली, जो अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का अब तक का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। भारतीय टीम ने फरवरी में पाकिस्तान और यूएई की मेजबानी में हुई आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी अपनी लय को बरकरार रखा। आठ साल बाद अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में लौटी इस प्रतिष्ठित एकदिवसीय टूर्नामेंट में भारत ने रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब अपने नाम किया।

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

वेलिंगटन, 29 दिसंबर। न्यूजीलैंड के लिए एक दशक से भी अधिक समय खेलने वाले पूर्व ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

35 साल के ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड के लिए 69 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें 28 टेस्ट शामिल हैं, और उन्होंने अपने लाल-गेंद करियर में 74 विकेट लिए। ब्रेसवेल का नाम न्यूजीलैंड क्रिकेट के इतिहास में 2011 में होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच जिताने वाले प्रदर्शन के लिए दर्ज है, जहां उन्होंने मैच में नौ विकेट लेकर सात रन की यादगार जीत दिलाई थी।

ब्रेसवेल ने सफेद गेंद क्रिकेट में भी न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 में 41 मैच खेले। वह आईसीसीस पुरुष टी-20 विश्व कप 2012 में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थे और अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान एक तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के तौर पर नियमित रूप से योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए उनका आखिरी मैच 2023 में वेलिंगटन में श्रीलंका के खिलाफ एक टेस्ट था। बाद में पसली की चोट के कारण सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स

के साथ उनका घरेलू अभियान छोटा हो गया, जिसके कारण आखिरकार उन्होंने खेल से दूर होने का फैसला किया।

आईसीसी ने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के एक बयान के हवाले से ब्रेसवेल के हवाले से कहा, यह मेरे जीवन का एक गौरवपूर्ण हिस्सा रहा है, और कुछ ऐसा जिसकी मैंने एक युवा क्रिकेटर के तौर पर ख्वाहिश की थी। मैं क्रिकेट के माध्यम से मिले अवसरों और अपने देश के लिए खेलने के मौके के लिए हमेशा आभारी रहूंगा, साथ ही अपने घरेलू करियर के दौरान सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए भी। प्रथम श्रेणी और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना एक सौभाग्य की बात है।

आरएसएससी महिला कबड्डी अकादमी ने जीता राज्य सीनियर महिला कबड्डी में कांस्य मेडल

जयपुर, 29 दिसम्बर। राजस्थान राज्य कबड्डी संध के तत्वावधान में उदयपुर जिला कबड्डी संघ के द्वारा 26 से 29 दिसम्बर 2025 तक उदयपुर में आयोजित 72वीं सीनियर पुरूष व महिला कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के द्वारा संचालित महिला कबड्डी अकादमी में आवासित खिलाड़ियों ने उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए पहली बार ब्रांज मेडल जीता। दल प्रभारी सरस्वती मुण्डे व दल प्रशिक्षक आशा चौधरी ने बताया कि आरएसएससी महिला कबड्डी अकादमी का पहला मैच अजमेर के साथ खेला गया, एकेडमी ने अजमेर को 14 अंकों के मुकाबले 40 अंकों से शिकस्त देकर अगले चरण प्रवेश किया। दूसरा मैच झुंझुंनू के साथ खेला गया एकेडमी ने फिर बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए झुंझुंनू को 25 अंकों के मुकाबले 46 अंकों से मात देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एकेडमी का क्वार्टर फाइनल मुकाबला बाड़मेर के साथ खेला गया। एकेडमी ने बाड़मेर को 18 अंकों के मुकाबले 29 अंकों से शिकस्त देकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबला राजस्थान पुलिस के साथ खेला गया। राजस्थान पुलिस ने एकेडमी को 29 अंकों के मुकाबले एकेडमी को 53 अंकों से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। एकेडमी की टीम को ब्रांज मेडल के साथ ही संतोष करना पड़ा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार पवन, सचिव श्रीमती नीतू बारूपाल ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

बीसीसीआई विजय हजारे ट्रॉफी, त्रिपुरा जीती

जयपुर 29 दिसंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जयपुर में खेली जा रही बीसीसीआई विजय हजारे टॉफी के आज जयपुर में खेले गए मैचों व अहमदाबाद में खेले गए राजस्थान - त्रिपुरा मैच का परिणाम :- राजस्थान - त्रिपुरा मैच - (त्रिपुरा जीती), त्रिपुरा पारी 286 आल आउट, टीम के लिए तेजस्वी 61 व श्रीदाम 50 रन, राजस्थान के अनिकेत चौधरी 64 / 3 , खलील अहमद 51 / 2 , अशोक शर्मा 53 / 2 व मानव सुथार, अजय कुकना 1 - 1 विकेट, राजस्थान पारी 220 आल आउट, टीम के लिए करण लाम्बा 61, सुमित गोदारा 37, दीपक हुड्डा 30, महिपाल लोमरोर 28 रन, त्रिपुरा के गेंदबाज मुरा सिंह 30/ 3, विजय शंकर 30/ 4 विकेट, सवाई मान सिंह स्टेडियम हिमाचल - महाराष्ट्र (हिमाचल जीती) हिमाचल पारी 271 आल आउट, महाराष्ट्र पारी 264 / 9 विकेट, केएल सैनी स्टेडियम गोवा - सिक्किम (गोवा जीती), गोवा पारी 309 / 8, सिक्किम पारी 247 / 7, जयपुरिया ग्राउंड मुंबई - छत्तीसगढ़ (मुंबई जीती), छत्तीसगढ़ पारी 142 आल आउट, मुंबई पारी 144 / 1, अनंतम ग्राउंड पंजाब - उत्तराखण्ड (उत्तराखण्ड जीती), पंजाब पारी 269 / 8, उत्तराखंड पारी 270 / 5, अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में राजस्थान - बिहार का मैच मध्य प्रदेश के मुरैना में आज से शुरू हुआ। आज पहले दिन का स्कोर :- राजस्थान पहली पारी 92 / 2, टीम के लिए यश शर्मा नाबाद 38 , शिफॉन नाबाद 24 , रोनित 21 रन, बिहार के गेंदबाज विवेक , मनदीप1 - 1 विकेट।

आरसीए अंडर 15 वीमेन टीम घोषित, बीसीसीआई की आगामी अंडर वीमेन ट्रॉफी में भाग लेने वाली राजस्थान अंडर 15 वीमेन टीम का चयन राजस्थान वीमेन चयन समिति ने किया :-

चयनित राजस्थान अंडर 15 वीमेन टीम - रोचलेयादव, अक्षिताबराला, आरुषि पांडे, ख़ुशी नाथ योगी, कविता भील, काव्य बिश्नोई (उपकप्तान), दर्शिताबैरागी, सरिता कसाना, रितिका, अरुणा, आरती बिश्नोई, पारुल शर्मा, वेदिका सिंह, प्रियांशीचंदा, माहिरा खान (कप्तान), अंजलि गिरी, सारिका सोनी, टीम 30 दिसम्बर को जयपुर से कलकत्ता के लिए प्रस्थान करेगी।

चोटिल गस एटकिंसन एशेज के आखिरी टेस्ट से हुए बाहर

सिडनी, 29 दिसंबर। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चार जनवरी को होने वाले आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की एशेज सीरीज के आखिरी मैच से बाहर हो गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार एटकिंसन को मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट के दूसरे दिन गेंदबाजी करते समय बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी। 27 साल के एटकिंसन ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पांचवां ओवर पूरा करने के बाद मैदान छोड़कर चले गए और वापस नहीं लौटे, जबकि इंग्लैंड ने इस मैच में चार विकेट से जीत हासिल की। बाद के स्कैन में हैमस्ट्रिंग की समस्या की पुष्टि हुई, जिससे एटकिंसन एशेज सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट नहीं खेल पाए। ऑस्ट्रेलिया अभी पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से आगे है।

इंग्लैंड ने एक बयान में कहा, इंग्लैंड पुरुष टीम के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन एशेज टूर के बाकी मैच से बाहर हो गए हैं, क्योंकि स्कैन में पता चला है कि उन्हें बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है। सरे के दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने चौथे टेस्ट में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में इंग्लैंड की जीत के दौरान ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पांचवां ओवर फेंकने के बाद मैदान छोड़ दिया। इंग्लैंड पांचवें टेस्ट के लिए किसी रिप्लेसमेंट को नहीं बुलाएगा, जो चार जनवरी से सिडनी में शुरू होगा।

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड चोटों के कारण बाहर हैं। साथी तेज गेंदबाज मैथ्यू फिशर और मैथ्यू पॉट्स, जो टूरिंग टीम का हिस्सा हैं, अब सीरीज के आखिरी मैच के लिए एटकिंसन की जगह भरने की कोशिश में हैं।

इंग्लैंड टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), हैरी ब्रूक (उपकप्तान), जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, बेन डकेट, मैथ्यू फिशर, विल जैक्स, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ (वि